**समीक्षा** स्वरोजगार योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति के लिए बैंक दें आवेदकों को ऋण, कलेक्टर ने दिए निर्देश

# आत्मनिर्भर बनाने स्वीकृत करें योजनाओं के ऋण



**नवभारत, कटनी।** जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समन्वित प्रयासों के माध्यम से ऋण प्रवाह में वृद्धि करें और शासकीय स्व-रोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। गुरुवार को आयोजित जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर ने बैंकिंग गतिविधियों, ऋण वितरण, वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों और विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को प्राथमिकता देते हुए बैंकर्स से कहा कि विभागों द्वारा प्रेषित पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों में उदारतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से ऋण स्वीकृति की जाए। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृति और वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन विभाग की आचार्य विद्यासागर योजना, क्षीरधारा योजना, कामधेनु योजना एवं बकरी पालन योजना, उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, आदिम जाति कल्याण विभाग की डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना और बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना, मत्स्य विभाग और एनआरएलएम योजनाओं के अंतर्गत लंबित, स्वीकृत प्रकरणों की बैंकवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों और बैंकों को आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता की प्रत्येक 15 दिवस में समीक्षा करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिए। बैठक में कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों का बीमा किया जाता है, उन्हें संबंधित पॉलिसी के दस्तावेज अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाएं, ताकि किसी अप्रिय स्थिति में परिजनों को बीमा लाभ प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं हो। कलेक्टर ने पिछले वित्तीय वर्ष में अस्वीकृत प्रकरणों को संबंधित विभागों को वापस करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरा कर उन्हें दोबारा बैंक में प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप और आईएसएस घटक के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, बैंक के प्रतिनिधि, लीड बैंक प्रबंधक सहित विभागों अधिकारी और बैंकर्स उपस्थित रहे।



## तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा पलटा, 9 यात्री हुए घायल

**बड़वारा थाना क्षेत्र के बिजौरी गांव के पास हुआ हादसा**

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत विलायत कला-स्लीमानाबाद मार्ग पर गुरुवार दोपहर बिजौरी गांव के पास यात्रियों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्ची सहित 9 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं और ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मडवारी देवरी से बरछेका गांव में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण ऑटो चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया और ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी। घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर तत्काल बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने टीम सड़क हादसे की जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। सड़क हादसे में घायल होने वालों में संगीता बाई कोल (26), सुरेंद्र चौधरी (30), दुआशिया बाई (55), अनसूइया (18), श्याम लाल कोल (35), हाकाली कोल (55), रामसुजान कोल (58), धनू कोल (50) और बच्ची सोनिया शामिल हैं। सभी घायल अलग-अलग गांवों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### एक नजर में

## विस्फोटक नियमों के उल्लंघन पर नोटिस

**नवभारत, कटनी।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर कलेक्टर आशीष तिवारी ने सख्त रुख अपनाते हुए दो नायब तहसीलदारों पर कुल 3 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया है, वहीं नापतौल विभाग के एक निरीक्षक के विरुद्ध भी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण न करने पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि वसूल की गई राशि प्रभावित आवेदकों को प्रतिकार के रूप में की जाए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सेवाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि नायब तहसीलदार सिंगौड़ी और देवराकला राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा 8 और नायब तहसीलदार कन्हवारा, मझगवां सुश्री अवंतिका तिवारी द्वारा 4 आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में नहीं किया गया। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर पालन प्रतिवेदन मांगा गया, लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। परिणामस्वरूप कलेक्टर ने बिना पर्याप्त कारण के सेवा प्रदाय में देरी करने पर राजेन्द्र श्रीवास्तव पर 2 हजार रुपए और अवंतिका तिवारी पर 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि वेतन से काटी जाएगी।

## विस्फोटक लायसेंसधारियों को नोटिस, मांगा जवाब

**संयुक्त टीम ने की जांच, नियमों के उल्लंघन पर हुई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** विस्फोटक नियमों के गंभीर उल्लंघन के मामलों में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जिले के 10 विस्फोटक भंडारण लाइसेंसधारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। यह कार्रवाई कलेक्टर अशीष तिवारी द्वारा गठित जांच दल की रिपोर्ट में सामने आई गंभीर अनियमितताओं के आधार पर की गई है। जांच के दौरान दल द्वारा कई मैगजीन स्थल पर बंद पाई गईं, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं थे, लाइसेंस की अनिवार्य शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा था, संबंधित लाइसेंसधारियों द्वारा त्रैमासिक प्रतिवेदन भी प्रस्तुत नहीं किए गए थे। जो कि विस्फोटक नियम 2008 के नियम उल्लंघन को दर्शाता है। प्रशासन द्वारा जारी नोटिस में तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम सलैया पहराई निवासी सुमित्रा ग्रोवर, मदन लाल ग्रोवर, संगीता ग्रोवर, रंजन ग्रोवर और ग्राम बिचपुरा स्थित कामतानाथ स्टोन डायरेक्टर आनंद सोमानी शामिल हैं। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत जिन उद्यमियों के पास विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग मैगजीन संचालित हैं, उन्हें प्रत्येक लाइसेंस के लिए पृथक नोटिस जारी किए गए हैं। इसी कारण सुमित्रा ग्रोवर एवं रंजन ग्रोवर को उनकी अलग-अलग अनुज्ञप्तियों के आधार पर दो-दो नोटिस प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त तहसील कटनी के ग्राम भटगवां निवासी रूपनारायण मीणा मेसर्स श्री गुरूकृपा इंटरप्राइजेज, तहसील बहोरीबंद के ग्राम पौंडी स्थित एसएनएस संडरसन, ग्राम दुरघटी पिपरिया स्थित कमल लाइम इंडस्ट्रीज को भी नोटिस जारी किए गए हैं। सभी नोटिसधारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 6 जुलाई को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट न्यायालय, कटनी में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

## सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का प्रभावी उपाय

**रीठी पुलिस ने चलाया साइबर सुरक्षा अभियान**



**नवभारत, रीठी।** जिले में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत थाना रीठी पुलिस द्वारा गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित इस 15 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत जिलेभर में आमजन को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, साइबर फ्रॉड, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं।

इसी क्रम में थाना रीठी पुलिस ने स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं व्यापारियों से संवाद कर उन्हें साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों के बारे में बताया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड या व्यक्तिगत दस्तावेज साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि यदि वे किसी साइबर ठगी का शिकार होते हैं तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। रीठी पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि सतर्कता और जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

अभियान के माध्यम से लोगों को सुरक्षित डिजिटल जीवनशैली अपनाने और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। सुरक्षित रहें, सतर्क रहें, सोच-समझकर करें हर क्लिक, इसी संदेश के साथ थाना रीठी पुलिस का जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

## ऑटो चालक के गले में युवती ने अड़ाई चाकू, साथी युवकों ने की मारपीट

**तीन हजार रूपए भी छीने, एफआईआर**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत बरही रोड़ स्थित सिटी मॉल के पास दो युवकों ने एक युवती के साथ मिलकर एक ऑटो चालक से मारपीट की। मारपीट के दौरान ऑटो चालक के जेब में रखे तीन हजार रूपए भी छीन लिए गए। पीड़ित ऑटो चालक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार पड़खुरी गांव निवासी ऑटो चालक कृष्ण कुमार रजक ने कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया है कि बुधवार रात करीब 10 बजे वे जंक्शन रेलवे स्टेशन से अपने दोस्तों को छोड़कर ऑटो से लौट रहा था। बरही रोड पर सिटी मॉल के पास पहुंचने पर दो युवकों ने अपनी स्कूटी ऑटो के आगे लगाकर उसे रोक लिया। युवकों ने उन्हें जबरन ऑटो से बाहर खींचा और मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उनके साथ मौजूद एक युवती ने पीड़ित को छुरा लेकर दौड़ाया। बाद में, आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया और युवती ने उनकी गर्दन पर चाकू अड़ा दिया। चाकू की नोंक पर आरोपियों ने पीड़ित की जेब से करीब 3 हजार रुपए नकद छीन लिए। लूटपाट के बाद आरोपियों ने ऑटो पर पथराव किया और लाठियों से तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के तत्काल बाद पीड़ित ऑटो चालक ने कोतवाली थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खड़े ट्रकों के अंदर से मोबाइल चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई पांच मोबाइल बरामद**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र में खड़े ट्रकों से चालकों और क्लीनरों के मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक से तीन मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि 23 जून को छतरपुर जिले के डोंगी गांव निवासी अरुण यादव ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह ट्रक में हेल्पर का कार्य करता है। 22 जून की रात उसने अपना ट्रक नदीपार स्थित चाण्डक पेट्रोल पंप के सामने खड़ा किया था। ट्रक के केबिन में चार्जिंग पर लगा वीवो कंपनी का मोबाइल फोन सुबह गायब मिला। इस बीच एक पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र निवासी अनुज कुमार अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रक में खलासी का कार्य करता है। उसने अपना ट्रक मुड़वारा स्टेशन के पास साइकिल स्टैंड के सामने खड़ा कर रात में विश्राम किया था। सुबह उठने पर ट्रक के केबिन में रखा वन प्लस कंपनी का मोबाइल फोन चोरी पाया गया। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर मामला दर्ज कर प्रकरण की विवेचना शुरू की। एक ही दिन में हुई दो मोबाइल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने तत्काल मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक मुड़वारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बेहद कम कीमत पर महंगे मोबाइल फोन बेचने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर संदिग्ध युवक भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया वह निमिया मोहल्ला निवासी कुंदन चौधरी है। पूछताछ में उसने बताया उसके द्वारा ट्रकों के अंदर से मोबाइल चोरी किए गए हैं। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक दीपेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक नीरज तिवारी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी और सीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

## राशन दुकान संचालिका ने लगाए बेवजह परेशान करने के आरोप

**एसडीएम से शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग**

**नवभारत, उमरियापान।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम घुघरी की राशन दुकान संचालिका एवं नरसिंह स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती विनीता मिश्रा ने ढीमरखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी को आवेदन देकर राशन आवंटन, मानदेय भुगतान और प्रताड़ित करने की शिकायत की है।

आवेदन में कहा गया है कि उन्हें पूर्व सेल्समैन द्वारा राशन वितरण मशीन सही स्थिति में हस्तांतरित नहीं की गई, जिसके कारण मशीन में अतिरिक्त लोड दर्शाया जा रहा है । उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई जांच नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि अगस्त 2025 का नियमित राशन आवंटन उन्हें प्राप्त नहीं हुआ और सितंबर माह का राशन अगस्त में वितरित कराया गया, जिससे वितरण व्यवस्था एक माह पीछे चल रही है । उनका कहना है कि ग्राम घुघरी में राशन वितरण को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं हुई है, फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है । आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि राशन दुकान संचालन के लिए शासन द्वारा निर्धारित मानदेय राशि का पूरा भुगतान नहीं किया गया । उन्होंने आरोप लगाया कि समिति प्रबंधक द्वारा आंशिक भुगतान किया गया, जबकि शेष राशि के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई । श्रीमती मिश्रा ने खाद्य विभाग की संबंधित अधिकारी पर फोन के माध्यम से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, निरीक्षण के दौरान अभद्र व्यवहार करने और समिति निरस्त कराने की धमकी देने के भी आरोप लगाए हैं ।

उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में डिलीवरी पीरियड में हैं और उनका उपचार नागपुर में चल रहा है, ऐसे में लगातार दबाव और धमकियों से मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । आवेदिका ने एसडीएम से अगस्त 2025 के कथित लंबित राशन आवंटन की जांच कर उसे उपलब्ध कराने, मशीन की तकनीकी जांच कराने तथा बकाया मानदेय राशि का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है । साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की भी गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की जाए और पीड़ित पक्ष को राहत दिलाई जाए।

## हरिद्वार और ऋषिकेश जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा

**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा 3 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। इस यात्रा के लिए विशेष ट्रेन दमोह से रवाना होकर कटनी और सतना मार्ग से होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इसी मार्ग से वापसी करेगी। इस यात्रा के लिए जिले को 262 सीटें आवंटित की गई हैं। यात्रा के सफल संचालन और व्यवस्थाओं के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

NOBLE HEART PUBLIC
Affiliated by Govt. of MD Education Deptt., Bhopal (M.P.)
ENGLISH MEDIUM HIGHER SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
QUALITY EDUCATION BRIGHT FUTURE
CLASS X & XII RESULT-2026
Sweta Pandey 98.4%
Abha Guru 97.6%
Ritu Sharma 94.4%
Laxmi Sahu 93.0%
OUR FACILITIES
- Smart Classrooms
- Experienced Faculty
- Regular Test Series
- Focus on Overall Development
- Discipline & Value Education
BUS FACILITY AVAILABLE
NURSERY TO CLASS XII
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI (M.P.) 7869484013, 7389678892

NALANDA HIGHER SECONDARY SCHOOL
Affiliated to Madhya Pradesh Board of Secondary Education, Bhopal (M.P.)
NURSERY TO XII
(ENGLISH MEDIUM)
Science, Arts & Commerce
ADMISSION OPEN
FACILITIES
- Comfortable Learning Environment for Students
- Fully Equipped Labs.
- Smart Classes.
- Campus Secured with CCTV Camera's
- Use of Modern Resources & Technology.
- Large Computer Lab with internet Facility
21, CIVIL LINES, KATNI (M.P.) Phone: 07622-420345, 230378 Contact: 95844 36048
nalandaschool.katni@yahoo.com nalandakatni.com

**नवाचार** स्कूल चलें अभियान में जिले के सौ से अधिक अधिकारियों ने निभाई प्रेरक की भूमिका

## शिक्षक बने कलेक्टर, छात्रों के सपनों को दी नई उड़ान, बताया शिक्षा का महत्व



**नवभारत, कटनी।** व्यस्ततम शासकीय जिम्मेदारियों के बीच गुरुवार का दिन कुछ अलग था। फाइलों और बैठकों से निकलकर कलेक्टर आशीष तिवारी जब शासकीय माध्यमिक शाला रॉबर्ट लाइन, माधवनगर पहुंचे तो विद्यालय परिसर में एक आत्मीय और प्रेरणादायी माहौल बन गया। छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर ने अधिकारी नहीं, बल्कि एक शिक्षक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाई।

बच्चों के साथ बैठकर उन्होंने पढ़ाया, बातें कीं, हंसे और उनके सपनों को नई दिशा दी। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए पूछा कि बड़े होकर आप क्या बनना चाहते हैं' इस सवाल पर किसी ने सैनिक बनकर देश की सेवा करने की इच्छा जताई, तो किसी ने डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनने का सपना साझा किया। छात्रों की आंखों में चमकते सपनों को देखकर कलेक्टर ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगातार अध्ययन ही हर सपने को साकार करने का सबसे मजबूत आधार है। कक्षा में संवाद का सिलसिला आगे बढ़ा तो कलेक्टर ने छात्रों से पुलिस और सेना के दायित्वों के बारे में पूछा। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिए। छात्रों की समझ और उत्साह को देखकर कलेक्टर ने उनकी सराहना की और उन्हें सदैव जिज्ञासु बने रहने का संदेश दिया। शिक्षा को रोचक बनाने के लिए कलेक्टर ने मौसमों की चर्चा की और बड़ी सहजता से लीप वर्ष की अवधारणा समझाई। विज्ञान के जटिल विषय को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए उन्होंने छात्रों के मन में सीखने की नई उत्सुकता जगा दी। जब छात्रों से उनकी पसंदीदा ऋतु पूछी गई तो अधिकांश ने मुस्कुराते हुए सर्दी का मौसम पसंद बताया। सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने चॉकलेट, पेन, पेंसिल, कॉपियां, स्केल और रबर वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपहार पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।

कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करने की सीख भी दी। विद्यालय भ्रमण के बाद कलेक्टर रॉबर्ट लाइन स्थित बालक छात्रावास भी पहुंचे। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से उनके रहन-सहन, पढ़ाई और दैनिक दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। छात्रों को स्कूल बैग वितरित करते हुए उन्होंने उनकी सुविधाओं का जायजा लिया और छात्रावास की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि जिस तरह मां हमें स्नेह और संरक्षण देती है, उसी तरह पेड़ भी हमें जीवन देते हैं।

किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं
किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE
ADMISSION OPEN
2026-27
प्रवेश प्रारंभ
- 10 Months Economical Fees Structure.
- Well-Experienced & Trained Faculty.
- Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
न्यूनतम 10 माह की फीस
CONTACT US
Phone: 6261958324
WhatsApp: 7897244744
Instagram: kidscaregroupkatni
Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.)
MO - 7692807777